# WINSOME BREWERIES LTD.

Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office : D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi-110020
Phone & Fax : 011 - 26811299 Email : rkb@winsomeindia.in
Website : winsomeindia.in
CIN : L15511RJ1992PLC014556

Winsome

**Date: 15.11.2021**

To,
Manager Listing Department
BSE Limited
Floor-25 P.J Tower, Dalal Street
Mumbai-400001

**Script Code: 526471**

**SUB: Submission of copies of Newspaper Advertisement regarding Un-audited Financial Results for the Half Year/Quarter ended on 30$^{th}$September, 2021 approved in the Board Meeting held on 13$^{th}$ September, 2021**

**REF: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation & Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

**Dear Sir/Madam,**

With respect to the captioned subject, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement published in English daily (Top Story) and regional Newspaper (Naya India) on 15$^{th}$ November, 2021 regarding Un-audited Financial Results for the quarter ended on 30$^{th}$ September, 2021 approved in the Board Meeting held on 13$^{th}$ November, 2021.

We request you to kindly take this intimation on record and oblige.

Thanking You,

Yours faithfully
**For WINSOME BREWERIES LIMITED**

For WINSOME BREWERIES LIMITED
Chairman Cum Managing Director
**RAJENDRA KUMAR BAGRODIA**
**CHAIRMAN CUM MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00178250**
**ADD: S-521, GREATER KAILASH**
**PART-II, NEW DELHI-110048**

**Encl.: As above**

A Winsome Group Company

## सार समाचार

### पाउला बेडोसा डब्ल्यूटीए फाइनल्स में शीर्ष चार में जगह बनाने करीब

**गुआडालाजारा,एपी।** पाउला बेडोसा ने मारिया सकारी को सीधे सेटों में हराकर अपने जीत के क्रम को आठ मैचों तक पहुंचाते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। स्पेन की 23 साल की बेडोसा ने 7-6, 6-4 से जीत दर्ज की। ग्रुप के अंतिम मैच में अगर एरिना सबालेंका ने इगा स्वियाटेक को हरा दिया तो बेडोसा शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। स्वियाटेक अगर तीन सेट में जीत दर्ज करती है तो बेडोसा दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम चार में प्रवेश करेंगी। पिछले साल महामारी के कारण रद्द हुआ डब्ल्यूटीए फाइनल्स टूर्नामेंट राउंड रोबिन आधार पर खेला जा रहा है और दोनों ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एनेट कोंटावीट पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं।

### भारत और पाकिस्तान के बीच प्रतिद्वंद्विता बन गई है उद्योग: गंभीर

**मुंबई,वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि दोनों देश के बीच की प्रतिद्वंद्विता अपने आप में एक उद्योग बन गई है। दोनों के बीच मुकाबले का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जाता है और पैसा बनाने की कोशिश की जाती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी मुकाबला होता है तो पूरी दुनिया की निगाहें इस पर होती हैं। गौतम के मुताबिक यही वजह है कि इस मुकाबले की इतनी मार्केटिंग की जाती है। गंभीर ने टी-20 विश्व कप फाइनल से पहले भारत और पाकिस्तान के मुकाबले की तुलना ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से की है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच की राइवलरी (प्रतिद्वंद्वता) कहीं ज्यादा बड़ी है। गंभीर ने अपने एक कॉलम में कहा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच की क्रिकेट राइवलरी दिखती नहीं है।

### अंतिम क्वालीफायर से पहले इटली के तीन और खिलाड़ी बाहर

**फ्लोरेंस,एपी।** उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप के अंतिम क्वालीफायर मुकाबले से पहले इटली के तीन और खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। एलेसांद्रो बास्तोनी और डेविड कैलेब्रिया दोनों चोटिल हैं जबकि साथी डिफेंडर क्रिस्टियानो बिराघी निजी कारणों से टीम से अलग हो गए हैं। इटली के कोच रॉबर्टो मेनसिनी ने अटलांटा के डिफेंडर डेविड जापाकोस्टा को टीम में शामिल किया है। इटली के चार खिलाड़ी पहले ही चोट के कारण टीम से हट चुके हैं।

# अमेरिका को 2024 टी20 विश्व कप की मेजबानी सौंप सकता है आईसीसी

**सिडनी** ■ भाषा/डेस्क

अमेरिका के 2024 में टी20 विश्व कप की मेजबानी की संभावनायें लगायी जा रही हैं क्योंकि आईसीसी की 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल कराने की मुहिम में यह टूर्नामेंट 'लांच पैड' के तौर पर काम कर सकता है। उम्मीद है कि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) अमेरिका क्रिकेट और क्रिकेट वेस्टइंडीज की मिलकर मेजबानी करने की संयुक्त बोली को चुन सकता है। 'सिडनी मार्निंग हेराल्ड' की एक



रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी टूर्नामेंट के अगले चक्र के स्थलों पर फैसला निकट है और वैश्विक फोकस का मतलब होगा कि इन्हें हालिया समय की तुलना में व्यापक तौर पर वितरित किया जाये।

अगर सब योजना के अनुसार चलता है तो बांग्लादेश में हुए 2014 टी20 विश्व कप के बाद यह पहला वैश्विक टूर्नामेंट होगा जिसकी मेजबानी न तो भारत और न ही इंग्लैंड या आस्ट्रेलिया करेंगे।

आईसीसी लंबे समय से उभरते हुए देशों को इस बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार देने के बारे में सोच रहा है। 2024 टी20 विश्व कप में 20 टीमों के होने की उम्मीद है जिसमें 2021 और 2022 चरण (16 टीमों के बीच 45 मैच) की तुलना में 55 मैच कराये जायेंगे। आईसीसी 2024 और 2031 के बीच कई वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा जिसकी शुरूआत 2024 टी20 विश्व कप से होगी।

आस्ट्रेलिया के इस दैनिक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस महत्वपूर्ण कदम के अलावा अमेरिका को 2024 टूर्नामेंट का मेजबान चुनना ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के लंबे इंतजार के लिये 'लांच पैड' के तौर पर भी काम करेगा ताकि इस खेल को लास एंजिल्स 2028 ओलंपिक के बाद 2032 ब्रिसबेन तक जारी रखा जा सके।

## न्यूज़ीलैंड टेस्ट टीम में डैरिल मिचेल शामिल

**वेलिंगटन** ■ भाषा/डेस्क



फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेरिल मिशेल को भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली दो टेस्ट की आगामी श्रृंखला के लिए चोटिल बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की जगह टीम में शामिल किया गया है।

बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की जीत के दौरान कॉनवे के हाथ में फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह भारत दौरे और रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप फाइनल से बाहर हो गए हैं।

न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे अगले हफ्ते भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के बाद टी20 टीम के साथ स्वदेश लौटेंगे जबकि मिशेल टेस्ट श्रृंखला के लिए वहीं रुकेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) की ओर से जारी बयान में स्टीड ने कहा, यह निराशाजनक है कि डेवोन नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की पहली श्रृंखला से बाहर हो गया है लेकिन यह किसी अन्य खिलाड़ी के लिए मौका है। उन्होंने कहा, डेरिल की विविधता कई बल्लेबाजी क्रम पर काम आ सकती है और इस समय निश्चित तौर पर वह आत्मविश्वास से भरा है। स्टीड ने कहा, उसने साबित किया है कि वह टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर सकता है और मुझे पता है कि वह दोबारा टेस्ट टीम से जुड़ने को लेकर रोमांचित है। जयपुर में 17 नवंबर से शुरू हो रही तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम सोमवार को भारत पहुंचेगी।

# बीसीसीआई चार दिसंबर की एजीएम के दौरान नियुक्त करेगा लोकपाल

### उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके जैन हाल तक लोकपाल थे।

**नई दिल्ली** ■ वार्ता/डेस्क

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी चार दिसंबर को होने वाली अपनी 90वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में लोकपाल की नियुक्ति करेगा।

क्रिकबज के अनुसार बीसीसीआई सचिव जय शाह की ओर से शनिवार को ई-मेल के जरिए भेजे गए पत्र में राज्य क्रिकेट संघों को एजीएम के एजेंडे की जानकारी दी गई है, जिसमें लोकपाल और नैतिकता अधिकारी की नियुक्ति प्रमुख बिंदुओं में से एक है। दरअसल बीसीसीआई में वर्तमान में लोकपाल नहीं हैं, जबकि यह एक संवैधानिक आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके जैन हाल तक लोकपाल थे, लेकिन उनका कार्यकाल कुछ महीने पहले समाप्त हो गया था। उनके स्थान पर अब तक कोई नियुक्ति नहीं हुई है और न ही उन्हें सेवा विस्तार दिया गया है। पत्र में एजीएम का स्थान कोलकाता होने की भी पुष्टि की गई है। समझा जाता है कि एजेंडे के आइटम पांच में एक दिलचस्प बिंदु 'चयनकर्ताओं की नियुक्ति पर अपडेट करना' है। दिलचस्प बात यह है कि कोई भी चयनकर्ता अपना कार्यकाल पूरा नहीं करने वाला है। चेतन शर्मा की अध्यक्षता



वाली चयन समिति के सभी पांचों सदस्यों के कार्यकाल को पूरा होने में कम से कम एक वर्ष बचा है।

टी-20 विश्व कप फाइनल और आईसीसी बैठकों के लिए दुबई में मौजूद बीसीसीआई के पदाधिकारियों की ओर से तत्काल इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है, लेकिन राज्य के एक अधिकारी ने कहा है कि एजीएम में जूनियर चयनकर्ताओं की नियुक्ति भी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि इस साल सितंबर में बीसीसीआई ने एस शरथ (अध्यक्ष), किशन मोहन, रानादेब बोस, पथिक पटेल और हरविंदर सिंह सोढ़ी (सदस्य) के साथ जूनियर चयन समिति का गठन किया था।

समझा जाता है कि बीसीसीआई के घरेलू सत्र (2021-22), आईसीसी टी-20 विश्व कप 2021, भारत के भविष्य के दौरे कार्यक्रम (एफटीपी) और सीनियर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति से संबंधित मामलों पर अपडेट एजेंडे के अन्य प्रमुख बिंदु हैं। यह भी कहा जा रहा है कि एजीएम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की गवर्निंग काउंसिल में जनरल बॉडी के दो नए सदस्यों और इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) के एक प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाएगा।

### एनसीए के अगले प्रमुख होंगे लक्ष्मण

**नई दिल्ली,भाषा।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अगले प्रमुख होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। लक्ष्मण भारतीय टीम के अपने पूर्व साथी रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्हें हाल में रवि शास्त्री का कार्यकाल खत्म होने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, वीवीएस लक्ष्मण एनसीए के नए प्रमुख होंगे। लक्ष्मण पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटर की भूमिका छोड़ चुके हैं और हितों के टकराव से बचने के लिए वह किसी कमेंट्री पैनल का हिस्सा भी नहीं होंगे और ना ही समाचार पत्रों में लेख लिखेंगे। बीसीसीआई की चार दिसंबर को कोलकाता में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले लक्ष्मण की नियुक्ति प्रभावी हो जाएगी।

## मंधाना की शानदार पारी से सिडनी थंडर की जीत

**मैकॉय** ■ भाषा/डेस्क

टी20 प्रारूप में भारतीय टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना की 45 रन की शानदार पारी से मौजूदा चैम्पियन सिडनी थंडर ने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में रविवार को यहां सिडनी सिक्सर्स को छह विकेट से शिकस्त दी। भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना अर्धशतक पूरा करने से चूक गयी लेकिन उन्होंने 39 गेंद की पारी में छह चौके लगाये।



उन्होंने कोरिन्ने हॉल (19) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया।

भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा (नाबाद चार रन) ने चौका लगाकर 28 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। दीप्ति ने चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिये। उन्हें हालांकि कोई सफलता नहीं मिली। सिडनी सिक्सर्स का प्रतिनिधित्व कर रही भारत की बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल होने के कारण गेंदबाजी नहीं कर सकीं तो वहीं आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 14 गेंद में आठ रन बनाकर दीप्ति की शानदार थ्रो पर रन आउट हो गयी।

सिक्सर्स की कप्तान एलिसे पैरी ने 40 गेंद में नाबाद 40 रन की पारी खेल टीम का स्कोर को छह विकेट पर 94 रन तक पहुंचाया। एक अन्य मैच में अनुभवी भारतीय स्पिनर पूनम यादव ने 3.2 ओवर में बिना किसी सफलता के 19 रन दिये। उनकी टीम ब्रिसबेन हिट्स को एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## हसन ने कैच छोड़ने के लिए माफी मांगी

**कराची** ■ भाषा/डेस्क

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन के लिए माफी मांगते हुए कहा कि वह किसी भी अन्य व्यक्ति से अधिक निराश हैं और उन्होंने अपने करियर के इस खराब दौर से उबरते हुए मजबूत होकर वापसी करने का वादा किया।

**फुटबॉल**

## फ्रांस-बेल्जियम ने जीत के साथ विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**पेरिस** ■ एपी/डेस्क

काइलियान एमबापे के चार गोल की मदद से गत चैंपियन फ्रांस ने कजाखस्तान को 8-0 से रौंदकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। बेल्जियम ने एस्टोनिया को अपनी सरजमीं पर 3-1 से हराकर विश्व कप में जगह बनाई। बेल्जियम ने दूसरे स्थान पर चल रहे वेल्स पर पांच अंक की निर्णायक बढ़त बना ली है। वेल्स ने कार्डिफ में बेलारूस को 5-1 से हराया। वेल्स की टीम ने तीसरे स्थान पर मौजूद



चेक गणराज्य पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है। दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को प्ले आफ में खेलने का मौका मिलेगा।

पिछले विश्व कप में जगह बनाने में नाकाम रही नीदरलैंड की टीम मेम्फिस डेपाय के दो गोल की बदौलत मोनटेनेग्रो पर 2-0 की बढ़त के साथ विश्व कप में जगह बनाने के करीब थी लेकिन अंतिम आठ मिनट में विरोधी टीम ने दो गोल दागकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इससे तुर्की और नॉर्वे को शीर्ष पर जगह बनाने का मौका मिलेगा जबकि सिर्फ एक मैच बचा है। ये दोनों टीमें शीर्ष पर चल रहे नीदरलैंड से दो अंक पीछे हैं।

ग्रुप डी में फ्रांस की टीम अपने पारंपरिक घरेलू स्थल स्टेड डि फ्रांस की जगह पार्स डेस प्रिंसेस स्टेडियम में उतरी। एमबापे इस मुकाबले में 1958 विश्व कप में जस्ट फोनटेन के बाद किसी मुकाबले में चार गोल करने वाले फ्रांस के पहले खिलाड़ी बने। करीम बेनजेमा (55वें और 59वें मिनट) ने भी टीम की ओर से दो गोल दागे जबकि एड्रियन रेबियोट (75वें मिनट) और एंटोनी ग्रिजमैन (84वें मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। फिनलैंड की टीम 50 मिनट से अधिक समय तक 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद बोस्निया और हर्जेगोविना को 3-1 से हराने में सफल रही। टीम के पास दूसरे स्थान पर रहते हुए प्ले आफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन उसे अंतिम मैच में फ्रांस से भिड़ना है।

**WINSOME BREWERIES LIMITED**

(CORPORATE IDENTIFICATION NUMBER : L15511RJ1992PLC014556)
Regd. Office : Vill. Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajasthan)
Corp. Office: D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
Ph.: 011-26811299, 2707, Fax : 011-26815222, Email : rkb521@gmail.com, Website : www.winsomeindia.in

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ON 30TH SEPTEMBER, 2021**

(Rs in Lakhs except Earning per share)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30-09-2021 (Unaudited) | Quarter ended 30-06-2021 (Unaudited) | Quarter Ended 30-09-2020 (Unaudited) | Half Year ended 30-09-2021 (Unaudited) | Half Year ended 30-09-2020 (Unaudited) | Year ended 31-03-2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 4.35 | 825.77 | 0.66 | 830.12 | 41.62 | 610.02 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraodinary items) | -59.32 | -53.57 | -82.56 | -112.89 | -320.05 | -243.48 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | -59.32 | -53.57 | -82.56 | -112.89 | -320.05 | -243.48 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -59.32 | -53.57 | -82.56 | -112.89 | -320.05 | -180.86 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | -59.32 | -53.57 | -82.56 | -112.89 | -320.05 | -179.54 |
| 6 | Equity Share Capital | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 | 2766.89 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | | | | | 802.82 |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | Basic : | -0.21 | -0.19 | -0.3 | -0.41 | -1.16 | -0.65 |
| | Diluted: | -0.21 | -0.19 | -0.3 | -0.41 | -1.16 | -0.65 |

Notes:
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Results submitted with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listiong Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results available on the website of Stock Exchange at www.bseindia.com and on Company website at www.winsomeindia.in
2 The above financial statements have been reviewed by the Audit Committee in its meeting held on 13th November , 2021 and then approved by the Board of Directors in its meeting held on 13th November, 2021.
3 The Statutory Auditor of the Company have carried out Limited Review of Financial Results for the quarter and half year ended 30th September 2021 pursuant to Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
4 Previous year/Quarter figures have been regrouped / reclassified, wherever necessary.
5 Impact of COVID-19 on the company"Covid 19 pandemic is still there and impact on working of the company is uncertain. The management is of the view that with the pickup in Global vaccination, gradual decrease of Covid cases, the nature of business and the products of the company, and steps being taken to provide support by various means from the regulators/ governments, there are no reason to believe that current crisis will have any significant impact on the ability of the company to maintain its normal business operations including the assessment of going concern for the company. However, the extent to which the pandemic will impact working of the company is highly uncertain.
6 Production/Sales is NIL during the current quarter because factory is closed due to termination of agreement with United Breweries Ltd.

For Winsome Breweries Limited
Sd/-
Rajendra Kumar Bagrodia
(Chairman Cum Managing Director)
DIN : 00178250
S-521 Greater Kailash Part II, New Delhi-110048

Place: New Delhi
Date: 15/11/2021

### जिम फुर्यक स्वाब कप गोल्फ में तीसरे दौर के बाद शीर्ष पर पहुंचे

**फीनिक्स,एपी।** अमेरिका के 51 साल के गोल्फर जिम फुर्यक ने चार्ल्स स्वाब कप चेम्पियनशिप के तीसरे दौर में यहां छह अंडर 65 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल कर ली है। फुर्यक 2003 में यूएस ओपन और 2010 में फेडएक्स कप के चेम्पियन रहे हैं। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर 16 अंडर 197 का है। दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर रहे किर्क त्रिपलेट्ट ने दो अंडर का कार्ड खेला और कुल 15 अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। कनाडा के स्टीफन अमेस (छह अंडर 65) और न्यूजीलैंड के स्टीवन अल्कर (तीन अंडर 68) संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है।

### भाग्यशाली हूं कि जीवित हूं, नहीं जानता आगे क्या होगा: क्रिस केर्न्स

**केनबरा,भाषा।** न्यूजीलैंड के पूर्व आल राउंडर क्रिस केर्न्स ने जिंदगी की लड़ाई जीतने के तीन महीने बाद कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि जीवित हैं। तीन महीने पहले उनकी दिल की सर्जरी की गयी जिसके बाद उन्हें कई और सर्जरी से गुजरना पड़ा जिससे उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया और इसी दौरान 'स्पाइनल स्ट्रोक' के कारण उनका निचला हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया जिससे यह 51 वर्षीय उबरने की कोशिश कर रहा है। केर्न्स ने 'केनबरा टाइम्स' से कहा, हम नहीं जानते कि आगे क्या होगा। मैं नहीं जानता कि मैं चल पाऊंगा या नहीं, नहीं जानता कि खड़ा हो पाऊंगा या नहीं। लेकिन शायद मैं खड़ा हो सकता हूं। मैं शायद चल सकता हूं। सिर्फ एक ही विकल्प बचा है कि इलाज प्रक्रिया को जारी रखें। मैं सिर्फ भाग्यशाली नहीं हूं बल्कि मैं बहुत बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं जीवित हूं।

वह अब लकवे से उबर रहे हैं जिससे उन्हें तीन महीने में पहली बार अपनी छाती और बांह का इस्तेमाल करने को कहा गया है। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया को जारी रखने की सबसे अच्छी चीज यही है कि अगर ऐसा कुछ फिर होता तो है तो आपको तैयार रहना चाहिए।